__/__/__

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.
Date- Class-VI
Subject- Hindi Language Page-1
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

पुस्तक- आमोद भाग-6
लिंग ( पुत्र से जेठ तक )

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

यह पाठ 'लिंग' कक्षा छठी की हिन्दी व्याकरण की पाठ्यपुस्तक आमोद भाग-6 की पृष्ठ संख्या 27 में दिया गया है। यह पाठ आपको 2 मई, 2022 को भेजा जाएगा।

प्यारे बच्चो! आज हम इस पाठ में 'लिंग' शब्द पढ़ेंगे। इसलिए सभी बच्चे अपनी-अपनी पाठ्यपुस्तक आमोद भाग-6 का पृष्ठ-27 निकाल लें। आप अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें, क्योंकि मैं आपको पाठ के दौरान कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी। बच्चो! अब मैं आपको 'लिंग' शब्दों के बारे में समझाऊँगी। यदि आप तैयार हैं तो मैं आपको लिंग शब्दों के बारे में समझाने जा रही हूँ। सभी बच्चे इसे ध्यानपूर्वक सुनेंगे एवं समझेंगे।

प्यारे बच्चो! नीचे दिए गए वाक्यों को ध्यान से पढ़ें एवं समझें।

- मेरे दादा जी अखबार पढ़ रहे हैं और दादी जी टहल रही हैं।
- मेरा भाई खेल रहा है और बहन पढ़ रही है।
- हमारे घर पर चाचा जी और चाची जी आए हैं।

बच्चो! ऊपर दिए गए वाक्यों को ध्यान से देखो इनमें दादा जी, भाई, चाचा जी पुरुष जाति के हैं तथा

Date-  Class -VI
Subject- Hindi Language  Page-2
Subject Teacher -Ms. Roma Rani

दादी जी, बहन और चाची जी स्त्री जाति के हैं।
इस प्रकार बच्चो!
शब्द के जिस रूप से पुरुष या स्त्री जाति का बोध हो, उसे लिंग कहते हैं।
बच्चो! लिंग दो प्रकार के होते हैं।

- पुल्लिंग
- स्त्रीलिंग

<u>पुल्लिंग</u> :- बच्चो! जो संज्ञा शब्द पुरुष जाति का बोध कराते हैं, वे पुल्लिंग शब्द कहलाते हैं।
जैसे :- पहाड़, पिता, चंद्रमा, पेड़, सोना, लुहार, धोबी आदि।

* बच्चो! कुछ शब्द सदैव पुल्लिंग प्रयुक्त होते हैं :- जैसे कछुआ, गरुड़, खरगोश, खटमल, तोता, पक्षी, बिच्छू, मच्छर, कौआ आदि।

<u>स्त्रीलिंग</u> :- जो संज्ञा शब्द स्त्री जाति का बोध कराते हैं, वे स्त्रीलिंग कहलाते हैं।
जैसे :- कोयल, माता, रोटी, मामी, चुहिया आदि।

* बच्चो! कुछ शब्द सदैव स्त्रीलिंग में प्रयुक्त होते हैं। जैसे- मछली, तितली, कोयल, मैना, मक्खी, गिलहरी, चील, मकड़ी, दीमक आदि।

बच्चो! मैंने आपको लिंग शब्दों के बारे में समझा दिया है। अब मैं आपसे इसके आधार पर कुछ प्रश्न पूछूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लो और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

_/_/_

Date-                                   Class- VI
Subject- Hindi Language                 Page-3
Subject Teacher- Ms Roma Rani

प्रश्न-1. 'लिंग' किसे कहते हैं ?
प्रश्न-2. लिंग के कितने भेद होते हैं ?
प्रश्न-3. स्त्री जाति का बोध करवाने वाले संज्ञा शब्द क्या कहलाते हैं ?

बच्चो ! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है। अब मैं आपको अंतराल से पहले पूछे गए प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी।

उत्तर-1. शब्द के जिस रूप से पुरुष या स्त्री जाति का बोध हो, उसे लिंग कहते हैं।
उत्तर-2. लिंग के दो भेद होते हैं :-
पुल्लिंग एवं स्त्रीलिंग
उत्तर-3 स्त्री लिंग

बच्चो ! अब मैं आपको 'लिंग' शब्द करवाऊँगी, जिन्हें आप ध्यानपूर्वक समझेंगे और अपनी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।

| पुल्लिंग | स्त्री लिंग |
|---|---|
| पुत्र | पुत्री |
| लड़का | लड़की |
| हिरण | हिरणी |
| बकरा | बकरी |
| गुड्डा | गुड़िया |
| बेटा | बिटिया |
| लोटा | लुटिया |
| बूढ़ा | बुढ़िया |

_/_/_

Date-  Class- VI

Subject- Hindi Language  Page-4

Subject Teacher - Ms. Roma Rani

| | |
|---|---|
| नायक | नायिका |
| गायक | गायिका |
| शिक्षक | शिक्षिका |
| सेवक | सेविका |
| पाठक | पाठिका |
| बालक | बालिका |
| धोबी | धोबिन |
| सुनार | सुनारिन |
| साँप | साँपिन |
| कुम्हार | कहारिन |
| लोहार | लोहारिन |
| तेली | तेलिन |
| अध्यक्ष | अध्यक्षा |
| अनुज | अनुजा |
| प्रिय | प्रिया |
| पूज्य | पूज्या |
| श्रीमान | श्रीमती |
| बुद्धिमान | बुद्धिमती |
| आयुष्मान | आयुष्मती |
| शक्तिमान | शक्तिमती |
| गुणवान | गुणवती |
| सत्यवान | सत्यवती |
| रूपवान | रूपवती |
| भगवान | भगवती |
| नौकर | नौकरानी |
| देवर | देवरानी |
| सेठ | सेठानी |
| जेठ | जेठानी |

_/_/_

Date-                                        Class- VI
Subject- Hindi Language                    Page-5
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

बच्चो ! मैंने आपको 'लिंग' शब्द समझा दिए हैं। आशा है, सभी छात्रों ने इन्हें ध्यानपूर्वक सुना एवं समझा होगा। अब मैं आपको गृह कार्य दूँगी जिसे सभी बच्चे अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में सुंदर लिखाई में लिखेंगे।

गृह कार्य

- बच्चो ! आप ऊपर कराए गए सभी 'लिंग' शब्दों को अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।
- आप इन लिंग शब्दों को याद भी करेंगे।

धन्यवाद !

Last page